गंगा एक्सप्रेसवे का प्रधानमंत्री मोदी ने किया था शिलान्यास, चार साल में बनकर हुआ तैयार, 1498 स्ट्रक्चर हैं पूरे एक्सप्रेस वे पर

# गंगा एक्सप्रेसवे तैयार, अगले महीने होगा उद्घाटन

**अच्छी खबर**

**मेरठ, मुख्य संवाददाता।** 1 मेरठ से प्रयागराज के बीच गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कुल 1498 स्ट्रक्चर के बीच हुआ है। कुल 12 जिलों की सीमा के बीच गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण हुआ है, जिसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18 दिसंबर, 2021 को शाहजहांपुर जिले में शिलान्यास किया था।

मेरठ से प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेसवे 594 किलोमीटर लंबा है और यह उत्तर प्रदेश के 12 जिलों को जोड़ेगा, जिसका लक्ष्य विकास को गति देना है। यह एक्सप्रेसवे 6 लेन का होगा, जिसे 8 लेन तक बढ़ाया जा सकेगा और इसमें एयरफोर्स की लैंडिंग के लिए एयर स्ट्रिप भी है। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी के एक्स पर पोस्ट के अनुसार जनवरी के पहले सप्ताह में ट्रायल रन की संभावना है। वहीं 15 जनवरी के आसपास उद्घाटन होगा। संभावना है कि प्रधानमंत्री ही इसका उद्घाटन करेंगे।

**मेरठ में हापुड़ रोड से कनेक्ट होगा :** मेरठ जिले में हापुड़ रोड में बिजौली के पास से गंगा एक्सप्रेसवे कनेक्ट होगा। यह 6 लेन एक्सप्रेसवे है, जिसे 8 लेन तक बढ़ाया जा सकता है।



मेरठ से प्रयागराज के बीच गंगा एक्सप्रेस वे तैयार हो चुका है।

**06** घंटे में तय होगी करीब 594 किमी की दूरी

### इन जिलों को होगा फायदा

मेरठ, हापुड़, बुलन्दशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज जिले की बड़ी आबादी को लाभ होगा।

### चार चरणों में हुआ है निर्माण

मेरठ से प्रयागराज के बीच गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य चार चरणों में पूरा किया गया है, जिसमें पहला चरण मेरठ से बदायूं के बीच का है, जबकि चौथा चरण उन्नाव के आंशिक इलाके से शुरू होकर रायबरेली, प्रतापगढ़ होते हुए प्रयागराज के सोरांव स्थित जूड़ापुर दांदू तक है।

## ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के लिए 1246 करोड़ का प्रावधान

**बुलंदशहर, संवाददाता।** 2 सोमवार को यूपी सरकार ने अनुपूरक बजट विस में पेश किया। वित्तीय वर्ष 2025- 26 का यह पहला अनुपूरक बजट है। इसमें जिले के लिए बड़ी सौगात दी गई है। जेवर एयरपोर्ट से गंगा एक्सप्रेसवे तक ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे निर्माण के लिए बजट में 1246 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

उत्तर प्रदेश में जेवर एयरपोर्ट से गंगा एक्सप्रेस वे तक कनेक्टिविटी के लिए ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण का प्रोजेक्ट प्रस्तावित है। इस प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेसवे की लंबाई लगभग 76 किलोमीटर होगी। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बुलंदशहर जिले से गुजरते हुए जेवर एयरपोर्ट को गंगा एक्सप्रेस वे से जोड़ेगा। यमुना एक्सप्रेसवे के पास सेक्टर 21 में फिल्म सिटी के नजदीक इसका इंटरचेंज भी प्रस्तावित है। जिससे जेवर एयरपोर्ट, यमुना एक्सप्रेसवे और गंगा एक्सप्रेसवे एक दूसरे से जुड़ेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार की ऑफिशियल (एक्स) अकाउंट से भी इसकी जानकारी दी गई है।